HGH INDIA 2018 SM
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
JULY 3-5, 2018 MUMBAI, INDIA
NEWS 3
A TEXZONE Event
Where business feels at home!

# हाउसवेयर एक बड़े हॉल ३ में स्थानांतरित हुआ

पिछले सात वर्षों में, एचजीएच इंडिया में हाउसवेयर श्रेणी निरन्तर बढ़ रही है। न केवल अन्तर्राष्ट्रीय और भारतीय निर्माताओं, ब्रांडों और आयातकों की संख्या बढ़ रही है अपितु उनके द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता भी पहले से बेहतर हो रही है।

इसके लिए कई कारण उत्तरदायी हैं। सबसे पहले, बढ़ती आय के साथ, भारतीय उपभोक्ता में हाउसवेयर की सभी उप-श्रेणियों की मांग २०-२५ प्रतिशत के बीच की वार्षिक दर से बढ़ रही है। भारत में किचनवेयर, टेबलवेयर, कुकवेयर, किचन अप्लायन्सेज, होम अप्लायन्सेज, सिक्योरिटी, बाथ एक्सेसरीज, स्टोरेज, मेंटेनेंस, क्लीनिंग एण्ड हाइजीन प्रोडक्ट्स, आउटडोर एण्ड गार्डन प्रोडक्ट्स और जनरल हाउसवेयर के विशिष्ठ रिटेलर उभरकर आ रहे हैं। उन्हें अपने स्टोर के लिए विशेष उत्पाद की आवश्यकता होती है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए संघठित रिटेलर्स और ऑनलाइन रिटेलर्स अपने स्टोर में हाउसवेयर प्रोडक्ट्स की जगह और विविधता को बढ़ा रहे हैं। उपभोक्ताओं की खरीदारी आदतों में बदलाव के चलते रिटेल स्तर पर हाउसवेयर के साथ होम डेकोर और होम टैक्सटाइल के एकीकरण के कारण हाउसवेयर के लिए होम टैक्सटाइल और होम डेकोर की मांग में वृद्धि हो रही है।

एचजीएच इंडिया २०१८ में भारतीय और तुर्की, यूएसए, कनाडा, यूके, जर्मनी, फ्रांस, इटली, बेल्जियम, पोलैंड, लक्समबर्ग, जापान, कोरिया, हांगकांग, चीन, ताइवान और थाईलैण्ड से आए अन्तर्राष्ट्रीय कुकवेयर जैसे बर्तन और पैन, प्रेशर कुकर, कोटेड कुकवेयर; किचन अप्लायन्सेज जैसे मिक्सर ग्राईंडर्स, टोस्टर्स, राईस मेकर, स्टीमर्स और कॉफी मेकर्स; किचनवेयर प्रोडक्ट्स जैसे किचन टूल्स, अटेंसिल्स, गैजेट्स और रेफ्रिजरेटर एक्सेसरीज और स्टोरेज आइटम जैसे फूड कैरियर, वॉटर बोटल, जार्स, किचन स्टोरेज और किचन अटेंसिल्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे।

भारतीय आयातकों और निर्माताओं के साथ तुर्की की कम्पनियां गृह स्टोरेज, गृह ऑरगेनाइजर, बाथरूम एक्सेसरीज, शॉवर कर्टेन्स, सफाई, ब्रूम एण्ड मॉप्स, डस्टबिन, इन्सेक्ट किलर और हाईजीन प्रोडक्ट्स, लैडर्स, क्लॉथ ड्रायर्स, आयर्निंग बोर्ड्स, फैन्स, आइरन और प्लान्टर्स में इनोवेशन्स को प्रदर्शित करेंगे।




*From a smaller hall as seen above in HGH India last year, Houseware will shift to a bigger hall 3*

### टेबलवेयर

एचजीएच इंडिया में हाल ३ में दर्शकगण एक विस्तृत श्रेणी का टेबलवेयर देख सकेंगे। क्रॉकरी, बार एक्सेसरीज, कटलरी, टेबल डिस्पेन्सर्स और पोर्सलीन, सिरॉमिक, क्रिस्टल ग्लास, ओपल ग्लास, स्टेनलेस स्टील, मेलामाइन, एक्रेलिक और यहां तक की हाई डेंसिटी प्लास्टिक तक में डिनरवेयर प्रदर्शन के लिए उपलब्ध होंगे।

रोसेन्थल (जर्मनी), वर्साचे (इटली), नोरिटेक (जापान), डंकोटुवा (श्रीलंका) जैसे जाने-माने ब्रांड्स अपने भारतीय वितरकों के माध्यम से अपने हाइ-एंड डिनरवेयर प्रदर्शित करेंगे। कॉरेल (यूएसए), क्ले क्राफ्ट, सोनाकी, ईकानी, बीपी भारत, बीएपी सिरेमिक्स, एएनएस इंपैक्स, लाराह (सभी भारत से) मोनो सिरेमिक्स (बांग्लादेश) सभी मार्केट सेग्मेंटस के अनुरूप सिरेमिक और पॉर्सिलेन की एक विस्तृत श्रृंखला लाएंगे।



Clay Craft

ग्लासवेयर के प्रीमियम सेग्मेंट में इटली की आरसीआर की प्रत्यक्ष उपस्थिति होगी। नाचमैन (जर्मनी), बोर्मिओली रोक्को (इटली) का भारतीय वितरकों द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाएगा। नियमित, उच्च गुणवत्ता वाली ग्लासवेयर रेंज का प्रदर्शन ओशन, लकी ग्लास, बोरगोनोवो, लुइगी बोर्मिओली, विदिवी, स्पीगेलौ, डूरालेक्स, बोहेमिया क्रिस्टल, क्रिस्टलाइट बोहेमिया, देवनाऊ, संजीव कपूर, व्हाइट गोल्ड, रोक्सक्स और इविओ द्वारा किया जाएगा।

मेलामाइन की नयी रेंज जाने माने ब्रांडस जैसे सर्ववैल, सुपरवेयर, डाइनवैल, हारमनी और सैलो द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। स्टेनलेस स्टील कटलरी का भी प्रतिष्ठित ब्रांडस जैसे किशको, एडब्ल्यूके, संजीव कपूर, रेनू कुटर्ज, श्री एंड सैम, भालारिया, ज़ेबरा, एसएनबी, आईनॉक्स, रामसन्स और मौजेक द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाएगा।

### प्लास्टिकवेयर और स्टोरेज

प्लास्टिक हाउसवेयर और स्टोरेज में भारतीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शनकर्ताओं तथा प्रोडक्ट रेंज में अत्यधिक वृद्धि देखी गयी है। अग्रणी भारतीय ब्रांड्स जैसे सैलो, एशियन प्लास्टोवयर, ऑलटाइम

# होम टैक्सटाइल, होम डेकोर, हाउसवेयर एण्ड गिफ्ट्स का अवलोकन प्रदान करता है


All Time Plastics

प्लास्टिक्स, वरमोरा, पारस प्लास्टिक्स, एसकेआई, श्री सांई प्लास्ट, रूचि प्लास्ट हाउसहोल्ड स्टोरेज, किचन एसेन्शियल्स, किचन स्टोरेज, बोतलों, रेफ्रिजरेटर एसेसरीज, आइस बॉक्स और यूटिलिटीज की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे।

कर्वर (लक्समबर्ग), लॉक-एन-लॉक (कोरिया), डीकेडब्लू (थाईलैंड), बॉक्स बॉक्स (थाईलैंड), मिस कलेक्शन, लक्स, टाइटीज़, रेंगा, उगुरलर (सभी तुर्की से) जैसे ब्रांड ऑर्गेनाइजर्स, स्टोरेज, किचन गेजेट्स, डस्टबिन, लान्डरी बॉक्सेस, बाऊल्स, बाथरूम एक्सेसरीज ऑर विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव प्लास्टिकवेयर की एक अन्तर्राष्ट्रीय रेंज लाएंगे।

आंगतुकों को कैमल, फ्रीलांस, प्रोबॉट, सोलमेजर (तुर्की), ग्लास लॉक (कोरिया), एएनएस इंपेक्स जैसे ब्रांडो से मल्टी-मेटेरियल और इन्सुलेटेड पानी की बोतलें, पीने के कप, फ्लास्क, फूड कैरियर्स, स्टोरेज, किचन गेजेट्स तथा एक्सेसरीज जैसे मनभावने कलेक्शन्स भी मिलेंगे।

### कुकवेयर

इस वर्ष एचजीएच इंडिया में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शकों दोनों के द्वारा कुकवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। कई प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रदर्शन करेंगे और नए वितरकों की तलाश में होंगे। उनमें से एक नए प्रतिभागी बेल्जियम के बर्गहोफ, पॉट्स, पैन्स, प्रेशर कुकर, कैटल्स, ओवनवेयर, किचन टूल्स, टेबलवेयर, कटलरी लाएंगे। आस्ट्रिया के बर्गनर कुकवेयर और किचन टूल्स का प्रदर्शन करेंगे। तुर्की के कॉर्कमाज़ स्टेनलेस स्टील, नॉन-स्टिक कुकवेयर और टेबलवेयर प्रदर्शित करेंगे। कोरिया के लॉक-एन-लॉक सेरामिक कोटेड और नॉनस्टिक कुकवेयर का प्रदर्शन करेंगे। आप ड्युरालेक्स, फ्रांस की बेकवेयर रेंज भी


Stahl

देख रुकेंगे जिसे इनके भारतीय पार्टनर, एनएनएस इंपेक्स द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

भारत के प्रतिष्ठित ब्रांड्स भी कई इनोवेटिव प्रोडक्ट्स और व्यापार घोषणाओं के साथ आएंगे। इनमें, पुणे के स्टील किचन अटेंसिल्स फ्राईंग पैन, ट्राई-प्लाई कुकवेयर और प्रेशर कुकर की नई शृंखला का अनावरण करेंगे। मुम्बई के ब्रिलियंट नॉन-स्टिक कुकवेयर प्रदर्शित करेंगे। दिल्ली के बाल्ट्रा फ्राइंग पैन्स, नॉनस्टिक-कुकवेयर, प्रेशर कुकर्स, ग्रिलर्स और हीटर्स और मुम्बई के शेफील्ड ग्रिलर्स, नॉन-स्टिक-कुकवेयर लाएंगे।

### किचन - अप्लायन्सेज

स्मॉल किचन और होम-अप्लायन्सेज अब जरूरत के साथ लाईफस्टाइल प्रोडक्ट्स बनते जा रहे हैं, जिनमें इनोवेशन उत्पाद विशेषता और प्रदर्शन तक सीमित न रहकर रंगों, डिजाइन, मटीरियल और ब्रांड-वैल्यू के लिए भी हो रहे हैं। इस



Borosil

परिवर्तन के साथ और अधिक होम प्रोडक्ट रिटेलर्स के साथ और अधिक होम प्रोडक्ट रिटेलर्स इन उत्पादों के स्टॉक करने में रुचि दिखा रहे हैं। बाजार में इनके ब्रांड्स की संख्या बढ़ रही है और इसलिए एचजीएच इंडिया में स्मॉल होम और किचन अप्लायन्सेज एक बढ़ती हुई श्रेणी बन रहा है। विशिष्ठ किचन अप्लायन्सेज निर्माताओं के अलावा कई कुकवेयर और होम अप्लायन्सेज ब्रांड्स भी ऐसे उत्पादों की शृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं। इनमें फूड-प्रोसेसर, मिक्सर/ग्राईंडर, टोस्टर, सैंडविच मेकर, आइसक्रीम मेकर, ज्यूसर, ग्रिलर, माईक्रोवेव ओवन, स्टीमर, राईस मेकर, टी एण्ड कॉफी मेकर, वॉटर प्यूरीफायर, एयर प्यूरीफायर, वैक्यूम क्लीनर, आइरन, वॉटर हीटर, कूलर्स, फैन और इन्सेक्ट क्लिर आदि शामिल हैं।

एचजीएच इंडिया २०१८ में, आंगतुकों को बोरोसिल, बाल्ट्रा, शैफील्ड ब्रिलियंट, निन्जा, शार्क, सैलो, कोर्कमाज और बर्गहोफ के उल्लिखित अप्लायन्सेज की रेंज हॉल ३ में मिलेगी।

### जनरल हाउसवेयर

हॉल ३ में प्रदर्शित श्रेणी में हाऊसहोल्ड स्टोरेज, ऑर्गनाइजर्स, लॉन्डरी बैग्स, डस्टबिन, कैनिस्टर्स, आयरनिंग बोर्ड, क्लॉथ


The Shining Table

ड्रायर, हैंगर्स, स्टैप लैडर, प्लास्टिक फर्नीचर, अम्ब्रैला, हेमॉक्स, ट्रैवल गुड्स, क्लीनिंग एण्ड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स, एयरोसोल्स, स्टैन रिमूवर्स, टूल किट, पैपर टिश्यू और नैपकिन्स, डिस्पोजेबल पार्टी यूटिलिटीज, हाईजीन प्रोडक्ट्स, बाथरूम एसेंशिल्स, प्लांट्स, गार्डनिंग और आऊटडोर प्रोक्डट्स शामिल होंगे।


Glitter Bags

यूएसए की इंटरडिज़ाइन बाथरूम एक्सेसरीज, ऑर्गनाइज़र्स, हाऊसहोल्ड स्टोरेज के प्रोडक्ट अपने भारतीय पार्टनर स्कन्दा रिटेल के मार्फत प्रदर्शित करेगी। तुर्की की दोग्युलर हाउसहोल्ड स्टोरेज, आर्गेनाइजर्स आइरन, आयरनिंग बोर्डस, बेबी चैयर, रॉकिंग क्रैडल्स, हैमोक्स, डेकोरेटिव लाईट्स, टेबल टॉप्स और स्मॉल फर्नीचर प्रदर्शित करेगी। भारत की वास्वी फूड कैरियर, क्लॉथ स्टैण्ड, लैडर, डस्ट-बिन्स, कैनिस्टर्स, वैक्यूम बोटल्स, स्पोर्ट्स बोटल्स, सोप डिस्पेन्सर्स और बाथरूम एक्सेसरीज की अपनी रेंज अपने दो ब्राडों वीवा और एचटूओ के अन्तर्गत प्रदर्शित करेगी। चाईनीज और ताईवानीज प्रदर्शनकर्त्ता भी जनरल हाउसवेयर में वैरायटी सोल्यूशन्स लाएगें।

## सभी हॉल्स में चाइनीज प्रदर्शनकर्त्ता

सिंथेटिक लेदर से लेकर अपहोल्स्टरी और ब्लैंकेट और वालपेपर तक, बेसिक एण्ड डेकोरेटिव कैंडल्स से लेकर प्लास्टिक किचन स्टोरेज और किचन टूल्स तक; किड्स गिफ्ट आर्टिकल से लेकर डेकोरेटिव एक्सेसरीज की रेंज तक। एचजीएच इंडिया के तीनों हॉल में मौजूद प्रदर्शकर्ताओं के द्वारा चाइना प्रोडक्ट्स की विविधता ऑफर करेगा।

आंगुतक चाइनीज प्रदर्शकर्त्ताओं को संबंधित हॉल में होम टैक्सटाइल (हॉल १), होम डेकोर (हॉल २) और हाउसवेयर और गिफ्ट (हॉल ३) में मिल सकेंगे।

# भारत में हाउसवेयर बाजार की संभावनाएं




*Home Town, a leading retail chain, reflects the changing home shopping habits in India.*

भारत वर्ष २०२५ तक दुनिया के ५वें सबसे विशाल उपभोक्ता बाजार की राह पर है। उपभोक्ता व्यय में ५% की वैश्विक वृद्धि के मुकाबले १२% वर्ष की वृद्धि का अनुभव कर रहा है। बढ़ती आय के साथ, १०० मिलियन से अधिक मध्यमवर्गीय भारतीय परिवार अपने व्यय पैटर्न में अत्यधिक वृद्धि के साथ समृद्ध सेग्मेंट में आ जायेंगे।

रिटेलिंग भारत के सबसे गतिशील उद्योग के रूप में उभर रहा है। विभिन्न प्रोडक्ट श्रेणियों और रिटेल फार्मेट्स में नए प्लेयर्स के निरन्तर प्रवेश के साथ, भारत का रिटेल बाजार ६०% वृद्धि के साथ १.१ ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। संगठित रिटेल, ७% की वर्तमान हिस्सेदारी के साथ, प्रतिवर्ष २५% बढ़ रहा है। हाउसवेयर व्यापार के भविष्य की चर्चा इस बाजार और रिटेल एनवायरमेंट के संदर्भ में की जानी चाहिए।

## इंडियन हाउसवेयर मार्केट

भारत में हाउसवेयर कैटेगरी प्रतिवर्ष २०-२५% की दर से बढ़ रही है। यह दुनिया भर के सभी पारंपरिक और आधुनिक समाजों में एक महत्वपूर्ण कैटेगरी के रूप में अस्तित्व में है। भारत ने भी अपने उपभोक्ता आधार में हाउसवेयर के लिए एक प्रमुख बदलाव देखा है। आज के शहरीकृत और एकल परिवारों में, महिलाओं के लिए हाउसवेयर की खरीद पर अब कोई पाबन्दी नहीं रह गयी है।

भारत में अभी भी मानक गुणवत्ता वाले कुकवेयर, टेबलवेयर, किचनवेयर, किचन टूल्स, स्टोरेज, किचन अप्लायन्सेज, क्लीनिंग और जनरल हाउसवेयर प्रोडक्ट्स का उत्पादन सीमित है और इसीलिए बाजार की मांग का आयात द्वारा ही पूरी की जाती है। यहां सैकड़ों आयातक और वितरक हैं, जो या तो अपने स्वयं के ब्रांड्स के अन्तर्गत आयात और बिक्री करते हैं या भारत में अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## हाउसवेयर इंडस्ट्री में ट्रेंड्स

भारतीयों की जीवन शैली में विकास के साथ, भारत ने हाउसवेयर इंडस्ट्री में एक प्रमुख बदलाव देखा है। बड़े पैमाने पर शहरीकरण, बढ़ते न्यूक्लियर परिवार और तकनीक के विकास के कारण, हाउसवेयर प्रोडक्ट्स की प्रकृति में दूरगामी बदलाव आये हैं। वैश्वीकरण ने भी देश की खाना पकाने, परोसने और खाने की आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं।

शहरों में रहने वाले वर्किंग कपल्स की जीवन शैली, समाजीकरण और खाने की आदतों में व्यापक बदलाव आया है। हैल्दी कुकिंग, सुविधा, सुरक्षा, कार्यक्षमता, समय बचाने वाले उपकरणों और कुकवेयर जैसे कारक अब खरीद निर्णय में मदद कर रहे हैं। प्रोडक्ट्स से सम्बन्धित जटिलता के कारण भी यह अनिवार्य हो जाता है कि पति-पत्नी दोनों साथ इन प्रोडक्ट्स को खरीदें - चाहे वह किचनवेयर, कुकवेयर, टेबलवेयर, किचन अप्लायन्सेज, स्टोरेज, क्लीनिंग या मेंटेनेंस प्रोडक्ट या आउटडोर गुड्स हों, बाजार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा जा सकता है। आज के आधुनिक युग के हाउसवेयर प्रोडक्ट्स स्टील, प्लास्टिक, सेरामिक, ग्लास आदि जैसे मटीरियल के संयोजन से बनाये जाते हैं। अतः अब बाजार का वर्गीकरण मटीरियल से निर्धारित न होकर ज्यादा उपयोगिता और कार्यक्षमता से निर्धारित होता है।

## होम रिटेल परिदृश्य

होम और होम इम्प्रूवमेंट सभी रिटेल श्रृंखलाओं (डिपार्टमेंटल स्टोर, हाइपर मार्केट्स और स्पेशियलिटी स्टोर्स) के लिए सबसे तेज बढ़ती श्रेणियों में से है। अग्रणी रिटेल समूहों से समर्थित, कई बड़े विशिष्ठ होम रिटेल शृंखलाएं जैसे होम टाउन, होम सेंटर, होम स्टॉप, होम एण्ड इवोक उभर रही हैं। विशिष्ठ हाऊस वेयर स्टोर जैसे वन स्टॉप, महावीर, अल्फा और एसडीएच छोटे हाऊस वेयर और होम डेकोर रिटेलर्स द्वारा विकास के नये आयाम स्थापित कर रहे हैं। बिग बाजार, स्टार बाजार, डी-मार्ट, स्पेंसर्स, स्पार, मोर, इज़ीडे, मेट्रो कैश-एन-कैरी जैसी श्रृंखलाएं भी अपने होम रिटेल सैक्शंस में विस्तार कर रही हैं। आइकिया जैसे अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय विशिष्ठ होम रिटेलर्स जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेंगे। एमेज़ॉन और फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन रिटेलर्स भी इन सैक्टर में बिक्री में वृद्धि कर रहे हैं।

इस सेग्मेंट की आकांक्षी मांग उपभोग और उपभोक्ता व्यय को बढ़ाएगी। एकल परिवारों की बढ़ती संख्या और अपने घरों में निवेश करने की उनकी उत्सुकता से आवास क्षेत्र में लगातार वृद्धि हुई है, जो होम टैक्सटाइल, हाउसवेयर और होम डेकोर जैसे होम प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग का कारण होगा। यह कंज्यूमर डयूरेबल्स की मांग में भी वृद्धि करेगा। बढ़ती समृद्धि के साथ, उपभोक्ता अपनी खरीदारी में उपयोग से आगे बढ़ने और जीवन शैली कारकों जैसे डेकोर, डिजाइन, ट्रेंड्स, फैशन और एस्थेटिक्स पर ज्यादा खर्च करेंगे। ये सभी कारक भारत में एक संभावनाओं से भरा बाजार और विशाल अवसर और विनिर्माण, रिटेल, वितरण और आयात में विशाल अवसर पैदा करता है। हालांकि इन सब में से रिटेल सबसे बड़ा है।

परंपरागत रूप से, हाउसवेयर प्रोडक्ट्स उपयोग द्वारा निर्धारित होते हैं जिसमें ज्यादा ध्यान कार्यक्षमता, श्रम की बचत और गृह कार्यों को सरल बनाने पर होता है। आज ऐसे, प्रोडक्ट्स सभी मार्केट सेग्मेंट्स के उपभोक्ताओं द्वारा स्वागत किये जाते हैं। लेकिन पिछले २५ वर्षों में भारतीय हाउसवेयर इंडस्ट्री परिधान और भोजन जैसी श्रेणियों में आये रिटेल बूम का फायदा नहीं उठा पायी है, क्योंकि इसके अधिकांश प्रोडक्ट्स में अच्छी डिजाइन और ब्रांडिंग के ग्लैमर का अभाव था। रिटेलर्स हमेशा रिटेल स्थान आंवटन को बड़े ब्रांड्स और अच्छी तरह से डिजाइन किये गये प्रोडक्ट्स के साथ जोड़ते हैं। जैसे-जैसे हाउसवेयर सेक्टर अपने नवयुग अवतार में उभरा है जिसमें अच्छी डिजाइन, तकनीक, ब्रांडिंग और ग्लैमरस प्रेजेंटेशन पर जोर दिया जा रहा है, वैसे-वैसे रिटेलर्स इन सेग्मेंट में नये अवसर तलाश रहे हैं क्योंकि इससे यूनिट मूल्य और लाभ दोनों बढ़ जाते हैं। रिटेल स्पेस में ज्यादा आवंटन के साथ-साथ ई.कॉम प्लेयर्स के प्रवेश के साथ हाउसवेयर बाजार पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है।

हालांकि भारत व्यवसायों का प्रबंधन और निर्माण करने के लिए सबसे जटिल देशों में से एक है। बाजार में गहन उपभोक्ता समझ की आवश्यकता है और मूल्य और वैल्यू संवेदनशील ही नहीं बल्कि असंगठित भी है। फिर भी, भारतीय हाउसवेयर बाजार की संभावनाएं और विकास पहलू प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर्स को आकर्षित कर रहे हैं।

# नए हॉल २ में होम डेकोर

भारत में होम डेकोर प्रोडक्ट्स और एक्सेसरीज का बाजार प्रतिवर्ष २० प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग ने अधिक से अधिक रिटेलर्स को अपने स्टोर में होम डेकोर प्रोडक्ट्स सैक्शन में विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। इस ट्रैंड का देखते हुए, एचजीएच इंडिया २०१८ ने एक नया हॉल २ बनाया है जो विशेष रूप से होम डेकोर कैटेगरी को ही समर्पित है।

होम डेकोर प्रोडक्ट्स जैसे वॉलपेपर्स, डेकोरेटिव सिंथेटिक एण्ड वुडन फ्लोरिंग, वॉल डेकोर, टेबल टॉप्स, म्यूरॉल्स, आर्टिफैक्ट्स, पेन्टिंग्स, डेकोरेटिव क्लॉक्स, फोटो फ्रेम्स, फिग्रिन्स, फ्लावर्स, फ्रेगरेन्स, डेकोरेटिव कैन्डल्स एण्ड कैन्डल स्टैण्ड्स, डेकोरेटिव मिरर्स एण्ड लाइट्स हैण्डीक्राफ्ट्स और वैरायटी ऑफ डेकोरेटिव फर्नीचर एण्ड एक्सेसरीज उपभोक्ताओं को आकर्षित करने और बनाये रखने के लिए होम रिटेलर्स के लिए अतिआवश्यक हो रहे हैं।

एचजीएच इंडिया अपने होम डेकोर एक्जीबिटर्स को इस कैटेगरी में नेशनल ब्रांड स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है, जिसमें अधिकांश प्रोडक्ट्स अनब्रांडेड वस्तुओं के रूप में ही बेचे जाते हैं।


Kazage


Apeejay


Dhawal


EPCH


Designs View

आगंतुकों को हॉल २ में, हैण्डीक्राफ्ट्स, आर्टिफैक्ट्स तथा मॉडर्न मशीन-मेड डेकोरेटिव एक्सेसरीज की उत्कृष्ट रेंज के साथ अपने स्टोर के लिए खोज पूरी होने जैसा अनुभव प्राप्त होगा। ऑल इंडिया वॉलपेपर कवरिंग्स एसोसिएशन (एआईडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित इस विशेष वॉलपेपर पैविलियन में, लगभग २० ब्रांड्स और वितरक पूरी दुनिया से आयातित वॉलपेपर्स की एक विस्तृत शृंखला का प्रदर्शित करेंगे। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैण्डीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) और हैण्डीक्राफ्ट्स मेगा क्लस्टर मिशन (एचएमसीएम) द्वारा आयोजित एक पैविलियन में हैण्डीक्राफ्ट्स की एक विस्तृत शृंखला भी प्रदर्शित की जाएगी। मुरादाबाद, फिरोज़ाबाद, जोधपुर, जयपुर, आगरा, उत्तर पूर्वी राज्यों, जम्मू-कश्मीर, गुजरात आदि के प्रमुख केंद्रों के डेकोरेटिव ग्लास, करटेन रॉड्स, मिरर्स, फ्रेगरेन्स, फ्लोर कवरिंग्स तथा होम डेकोर एसेसरीज रिटेलर्स के समक्ष प्रदर्शित की जाएंगी।

इस कैटेगरी में कई नए एक्जीबिटर्स डेकोर, फंक्शनल यूटिलिटी प्रोडक्ट्स और गिफ्ट्स के लिए समाधान प्रदान करेंगे।

# वॉलपेपर्स मुख्य आकर्षण होंगे

भारतीय बाजार में वॉलपेपर प्लेयर्स की बढ़ती संख्या के साथ, पिछले वर्ष एचजीएच इंडिया में वॉल कवरिंग्स के लिए एक नेशनल एसोसिएशन का गठन किया गया था। जिसे आॅल इंडिया वॉलपेपर कवरिंग्स एसोसिएशन (एआईडब्ल्यूए) के नाम से जाना जाता है, यह एसोसिएशन पहली बार, हॉल २ में एक विशेष वॉलपेपर पैविलियन आयोजित करेगा। लगभग २० एक्जीबिटर्स दुनिया भर के बेसिक, प्रीमियम और लक्जरी वॉलपेपर्स की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे।

भारत वॉलपेपर के लिए सबसे तेज़ी से बढ़ रहे वैश्विक बाजारों में से एक है जहां मांग में प्रतिवर्ष १०० प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि, अभी तक देश में बेस वॉलपेपर्स को कोई डोमेस्टिक प्रोड्यूसर नहीं है, प्रीमियम के साथ ही साथ बेसिक कैटेगरी की सारी मांग आयात के माध्यम से ही पूरी की जाती है।

विश्व के वॉलपेपर्स प्रोड्यूर्स और ब्रांड, प्रमुख उत्पादक देश जैसे चीन, कोरिया, तुर्की, यूएसए, यूके, इटली, जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड आदि सभी देश भारत को सबसे प्रभावी रूप से उभरते अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में से एक मानते हैं। वे यहां अपने डिस्ट्रीब्यूशन और रिटेल नेटवर्क का विस्तार करने के इच्छुक हैं। वॉलपेपर बाजार में स्थापित भारतीय प्लेयर्स अभिनव मटीरियल और डिज़ाइनों को शामिल करने के लिए अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार कर रहे हैं। वे बाजार में, जहां प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है, में अग्रणी बने रहने के लिए दुनिया भर से आयात करते हैं। एचजीएच इंडिया रिटेलर्स को वॉलपेपर व्यापार के तेजी से बदलते परिदृश्य के साथ तालमेल बनाये रखने में मदद करता है।

वॉलपेपर पैविलियन के माध्यम से प्रदर्शन करने वाले एआईडब्ल्यूए के कुछ सदस्यों में मार्शल्स, ग्रेटेक्स, एक्सेल वॉल इंटीरियर्स, एच एण्ड एच वॉल कवरिंग, एडॉर्निस, एसटीसी वॉलपेपर, एटको इंटीरियर्स, आर्टिसन फर्निशिंग, डागा वॉलपेपर्स, क्रिएटिव वॉलपेपर, डब्ल्यूएस इंडिया, रॉयल वॉलपेपर्स, इनडिजाइन, के२ इम्पेक्स, एस.सी. शेठ एण्ड सन्स, स्वीट होम, डिज़ाइन रैप तथा यूडीसी आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अग्रणी इंडियन वॉलपेपर ब्रांड्स जैसे वॉल किंग, निलाया, अल्केमी डेकोर, मुंशी डिजिटल वॉलपेपर, वॉल इफेक्ट्स एण्ड स्पिन डेकोर सीधे हॉल २ में प्रदर्शन करेंगे। जाने-माने अन्तर्राष्ट्रीय ब्रांड जैसे कैसामांस (फ्रांस), कोल एण्ड सन (यूके), ओमेक्सको (बेल्जियम), ज़िमर्स्स्रोहडे (जर्मनी), डिजाइनर्स गिल्ड (यूके), हार्लेक्विन (यूके) और एलिटिस (फ्रांस) अपने भारतीय पार्टनर एफ एण्ड एफ के माध्यम से हॉल १ में उपस्थित होंगे। एफ एण्ड एफ स्वयं अपने ब्रांड एफ एण्ड एफ को प्रदर्शित और सम्बोधित करेगा।


Marshalls


NGC Nafees


Excel Wall

**भारत वॉलपेपर के क्षेत्र में विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाले बाजारों में से एक है, जहाँ प्रति वर्ष १००% की दर से वृद्धि देखी जा रही है**

दुबई आधारित एनजीसी नफीस, यूरोपियन और अमेरिकन वॉलपेपर्स का एक प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर है, पहली बार १४ प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन हॉल २ में करेगा। इन ब्रांड्स में से कुछ हैं रेश (जर्मनी), यूके से द पेपर पार्टनरशिप एण्ड डेकोर लाइन तथा कॉलिन्स एण्ड कम्पनी (यूएसए) और बीएन इंटरनेशनल (नीदरलैंड)।

एचजीएच इंडिया २०१८ रिटेलर्स के लिए वॉलपेपर्स की एक बड़ी वैरायटी लेकर आएगा और भारतीय बाजार की प्रतिस्पर्धा में पूरी तरह से तैयार रहने में मदद करेगा।